तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रामकिशोर सारण** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353871288714176	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/03/26	अपीलार्थी रामकिशोर सारण निवासी 1–बी–106, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जोधपुर ने द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 12.02.2026 ग्राम पालडी सिद्धा पटवार हल्का पालडी सिद्धा भु.अभि.नि. कोषाणा तहसील पीपाड शहर में कृषि भूमि पुराना खसरा नम्बर 509 व 509/1 हाल में भूमि के मालिकाना हक के संबंध में दस्तावेज व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 326–28 दिनांक 18.03.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 323–325 दिनांक 18.03.2026 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.27 17:47:20 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21297329